साम्प्रदायिकता से निपटने की योजना

1015. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि देश में बढ़ती हुई साम्प्रदायिकता से निपटने के लिए सरकार क्या योजना बना रही है और क्या कदम उठा रही है; गत 6 माह के दौरान प्रत्येक राज्य में साम्प्रदायिक झगड़ों में मारे गये व्यक्तियों की संख्या कितनी है और कितने व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की गयी है ?

गृह मंत्री (श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद): केन्द्र सरकार का राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को साम्प्रदायिक सदभाव बढ़ाने के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी करने का प्रस्ताव है। इन दिशा-निर्देशों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

प्राप्त सूचना के अनुसार पिछले छः महीनों के दौरान मुख्य साम्प्रदायिक दंगों में मारे गये व्यक्तियों की संख्या और प्रत्येक मामले में पंजीकृत मामलों की संख्या का राज्यवार विवरण संलग्न है।

विवरण

15-3-90 तक की स्थिति

स्थान का नाम तथा दिनांक	मारे गये व्यक्तियों की संख्या	दर्ज किये गये मामलों की संख्या
बिहार		
1. सतबस्वा (2-9-89)	5	प्राप्त नहीं
2. सीतामढ़ी (22-10-89 से 15-11-89 तक)	16	4
3. भागलपुर (26-10-89 से 30-11-89 तक)	413	564
4. मुंगेर (26-10-89 से 30-11-89 तक)	29	24
5. सासाराम (16-11-89 से 17-11-89)	5	प्राप्त नहीं
गुजरात		
1. गोधरा (22-10-89)	4	प्राप्त नहीं
मध्य प्रदेश		
1. खरगांव (30-9-89)	5	84
2. इन्दौर (14-10-89)	23	प्राप्त नहीं
राजस्थान		
1. कोटा (14-9-89 से 17-9-89)	18	173
2. जयपुर (27-11-89 से 3-12-89)	5	60
3. लादनूं (16-12-89)	4	7
उत्तर प्रदेश		
1. बदायूं (28-9-89 से 30-9-89)	30	32
2. वाराणसी (11-11-89 से 16-11-89)	7	प्राप्त नहीं